an>

Title: Need for more tourist facilities as well as exhibition of objects of historical importance in Kumbhalgarh fort, a World Heritage Site in Rajasthan.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द)ः मैं विश्व विख्यात और अजेय दुर्ग कुंभलगढ़ जो पिछले दिनों विश्व विरासत की सूची में सम्मिलित किया गया है, के विकास के संदर्भ में अपनी बात आपके माध्यम से सरकार तक पहुंचाना चाहता हूँ। इस किले की प्राचीर ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के बाद लम्बाई में दूसरे स्थान पर है और किला चारों ओर से सघन वन से घिरा होने के कारण देशी व विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। आज भी यहाँ बहुत बड़ी संख्या में पर्यटकों का आवागमन होता है। इस किले में महाराणा कुंभा द्वारा पूजित विशाल शिव मंदिर के साथ-साथ जैन व अन्य मंदिर स्थित हैं। ये मंदिर भी पर्यटकों का आकर्षण केन्द्र है। इन मंदिरों के भी रखरखाव की समुचित आवश्यकता है। इस किले में सुविधाओं के साथ-साथ म्यूजियम व अन्य दर्शनीय सामग्री उपलब्ध करायी जाए तो बहुत बड़ी संख्या में पर्यटकों को इस ओर आकर्षित किया जा सकता है जिससे रोजगार के नए आयाम खड़े होंगे।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि हमारी इस ऐतिहासिक और अद्वितीय धरोहर को सही रूप में विश्व के सम्मुख प्रस्तुत किया जाए तो पर्यटकों की दृष्टि में इसे ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के समकक्ष खड़ा कर पाने में सफलता हासिल की जा सकती है।